web: www.nyaysakshi.com | पृष्ठ-2 में पढ़ें संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-खाना खजाना-राशिफल | पृष्ठ-3 में पढ़ें छत्तीसगढ़-प्रादेशिक

Govt. Registered Social Justice Union

# दैनिक न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्याससाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, शनिवार 19 अगस्त 2023 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-05, अंक- 321

# रायपुर से होकर गुजरने वाली 20 एक्सप्रेस ट्रेन रद्द

रायपुर (आरएनएस)। रेलवे प्रशासन द्वारा अधोसंरचना विकास ईस्ट कोस्ट रेलवे के भुवनेश्वर- मंचेश्वर रेलवे स्टेशनों के बीच एवं हरिदासपुर-धानमन्डल रेलवे स्टेशनों के बीच तीसरी रेलवे लाइन का कार्य के लिए नॉन इंटर लोकिंग का कार्य किया जाएगा। जो कि 17 से शुरू होकर 29 अगस्त तक किया जायेगा। इस कार्य के फलस्वरूप कुछ यात्री गाडिय़ों का परिचालन प्रभावित रहेगा। जिसका विवरण इस प्रकार है:



रद्द होने वाली गाडियां:-

01. दिनांक 20 अगस्त, 2023 को कुर्ला से रवाना होने वाली गाडी संख्या 12145 कुर्ला-पूरी एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

02. दिनांक 22 अगस्त, 2023 को पूरी से रवाना होने वाली गाडी संख्या 12146 पूरी-कुर्ला एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

03. दिनांक 23, 26 एवं 30 अगस्त, 2023 को कुर्ला से रवाना होने वाली गाडी संख्या 12879 कुर्ला-भुवनेश्वर एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

04. दिनांक 21, 24 एवं 28 अगस्त, 2023 को भुवनेश्वर से रवाना होने वाली गाडी संख्या 12880 भुवनेश्वर-कुर्ला एक्सप्रेस रद्द रहेगी। ्रद्यह्वश 05. दिनांक 18 एवं 25 अगस्त, 2023 को गाधीधाम से रवाना होने वाली गाडी संख्या 12993 गाधीधाम–पूरी एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

06. दिनांक 21 एवं 28 अगस्त, 2023 को पूरी से रवाना होने वाली गाडी संख्या 12994 पूरी- गाधीधाम एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

07. दिनांक 20 एवं 27 अगस्त, 2023 को बीकानेर से रवाना होने वाली गाडी संख्या 20471 बीकानेर-पूरी एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

08. दिनांक 23 एवं 30 अगस्त, 2023 को पूरी से रवाना होने वाली गाडी संख्या 20472 पूरी-बीकानेर एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

09. दिनांक 26 अगस्त, 2023 को जोधपुर से रवाना होने वाली गाडी संख्या 20814 जोधपुर-पूरी एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

10. दिनांक 23 अगस्त, 2023 को पूरी से रवाना होने वाली गाडी संख्या 20813 पूरी-जोधपुर एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

11. दिनांक 17, 22, 24 एवं 29 अगस्त, 2023 को अजमेर से रवाना होने वाली गाडी संख्या 20824 अजमेर–पूरी एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

12. दिनांक 17, 21, 24 एवं 28 अगस्त, 2023 को पूरी से रवाना होने वाली गाडी संख्या 20823 पूरी-अजमेर एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

13. दिनांक 20 एवं 27 अगस्त, 2023 को साई नगरसिड़ी से रवाना होने वाली गाडी संख्या 20858 साईनगर सिड़ी-पूरी एक्सप्रेस रद्द रहेगी। 14. दिनांक 18 एवं 25 अगस्त, 2023 को पूरी से रवाना होने वाली गाडी संख्या 20857 पूरी-साईनगर सिड़ी एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

15. दिनांक 22 अगस्त, 2023 को इंदौर से रवाना होने वाली गाडी संख्या 20917 इंदौर-पूरी एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

16. दिनांक 24 अगस्त, 2023 को पूरी से रवाना होने वाली गाडी संख्या 20918 पूरी-इंदौर एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

17. दिनांक 24 अगस्त, 2023 को कुर्ला से रवाना होने वाली गाडी संख्या 22865 कुर्ला-पूरी एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

18. दिनांक 22 अगस्त, 2023 को पूरी से रवाना होने वाली गाडी संख्या 22866 पूरी-कुर्ला एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

19. दिनांक 24 अगस्त, 2023 को बलसाड से रवाना होने वाली गाडी संख्या 22909 बलसाड-पूरी एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

20. दिनांक 27 अगस्त, 2023 को पूरी से रवाना होने वाली गाडी संख्या 22910 पूरी-बलसाड एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

परिवर्तित मार्ग से चलने वाली गाडियां:-

01. दिनांक 16, 19, 20, 23 एवं 26 अगस्त, 2023 को अमृतसर से रवाना होने वाली गाडी संख्या 20808 अमृतसर-विशाखापटनम हीरा कुंड परिवर्तित मार्ग संबलपुर-टिटलागढ़-रायगड़ा–विजय नगरम होकर चलेगी।

02. दिनांक 18, 19, 22, 25, 26 एवं 29 अगस्त, 2023 को विशाखापटनम से रवाना होने वाली गाडी संख्या 20807 विशाखापटनम-अमृतसर हीराकुंड एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग विजयनगरम-रायगड़ा-टिटलागढ़-संबलपुर होकर चलेगी।

## महत्वपूर्ण एवं खास



### कार-डंपर की टक्कर में 5 की मौत

खंडवा (आरएनएस)। मध्य प्रदेश के खंडवा जिले में गुरुवार की देर रात कार और ट्रक के बीच हुई जबरदस्त टक्कर में पांच लोगों की मौत हो गई। यह सभी लोग व्यावसायिक कार्य से पुनासा गए थे और कसरावद वापस लौट रहे थे। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार गुरुवार की देर रात को लगभग दो बजे पुनासा के पास सनावद मार्ग पर दौलतपुर फटा के पास कर की ट्रक से टक्कर हो गई । इस हादसे में कार में सवार पांच लोगों की मौके पर मौत गई। इस टक्कर में कर इतनी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हुई कि उसे शवों को बाहर निकलना मुश्किल हो गया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार इस हादसे में भारत, अखिलेश, मनीष, पुखराज और आदित्य की मौत हुई है.।यह सभी लोग गुरुवार को व्यवसाय कार्य से कसरावद से पुनासा गए थे और जब भी लौट रहे थे तभी उनकी कार इस हादसे का शिकार हो गई।

### ढाई साल के मासूम को पिता ने पिलाया जहर

जांजगीर-रायपुर (आरएनएस)। बम्हनीडीह थाना क्षेत्र के ग्राम कपिस्टा में एक कलयुगी पिता ने अपने ढाई साल के बेटे को जहर दे दिया। बच्चे की गंभीर हालत देखते हुए उसे तत्काल बिलासपुर रेफर कर दिया गया है, जहां उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है। घटना के बाद से ही आरोपी पिता गांव से भाग निकला है। सूत्रों ने बताया कि ग्राम कपिस्दा में रहने वाले आरोपी पिता महेंद्र बंजारे की पत्नी मायके पर रह रही है और ढाई साल का बेटा करण भी साथ रहता है। आरोप है कि पिता महेंद्र बंजारे ने अपने ढाई साल के बेटे को जहर पिला दिया और मौके से भाग गया। परिजनों ने बच्चे को जिला अस्पताल जांजगीर में भर्ती कराया था, जिसे बिलासपुर रेफर किया गया है। मामले में अभी इस बात का खुलासा नहीं हुआ हैं कि आरोपी ने किस वजह से इतना बड़ा कदम उठाया था। बहरहाल पुलिस ने मामल दर्ज कर आरोपी की तलाश विवेचना शुरू कर दी है।

### सीआरपीएफ के इंस्पेक्टर ने खुद को मारी गोली, इलाज के दौरान तोड़ा दम

बीजापुर (आरएनएस)। सीआरपीएफ कोबरा 210 बटालियन में पदस्थ इंस्पेक्टर ने स्वयं के सर्विस राइफल से गोली चला कर आत्म हत्या कर ली है । एसपी आंजनेय वाष्णेय ने बताया कि शुक्रवार 18 अगस्त 2023 को कोबरा 210 बटालियन में पदस्थ इंस्पेक्टर शशि अहमद ने अपनी सर्विस रायफल से खुद को गोली मार ली । घायल अवस्था मे जवान को उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया जहाँ उपचार के दौरान इंस्पेक्टर की मौत हो गई है । जवान दिल्ली का रहने वाला था, उसके आत्महत्या किये जाने के कारणों का अभी खुलासा नही हो पाया है ।

### राज्य में झमाझम बारिश के आसार

रायपुर (आरएनएस)। राजधानी में गुरूवार शाम से शुरू हुआ बारिश का सिलसिला देर रात तक रूक-रूककर जारी रहा। इससे उमस से बेहाल लोगों के साथ ही किसानों ने राहत की सांस ली है। मौसम विभाग ने आज भी राजधानी रायपुर सहित आसपास के इलाकों में अच्छी वर्षा की उम्मीद जताई है। मौसम विभाग के अनुसार बंगाल की खाड़ी में निम्नदाब का क्षेत्र बनने के कारण ही बारीश हो रही है। अनुमान लगाया जा रहा है कि एक दो दिनों तक ही अच्छी बारिश हो सकती है। इसके दो दिनों बाद फिर से बारिश में ब्रेक लगने की आशंका जताई जा रही है। राजधानी में बीती शाम हुई बारिश से मौसम में बदलाव नजर आया पिछले कुछ दिनों से उमस ने लोगों को बेहाल कर दिया था तो कल हुई बारिश ने उमस से राहत पहुंचाई। आज भी अधिकांश हिस्सों में हल्की बारीश की संभावना जताई जा रही है। तो वहीं बस्तर, रायपुर, दुर्ग के कुछ संभाग के कुछ स्थानों पर भी भारी बारीश की संभावना जताई जा रही है।

## हिमाचल के आपदा पीड़ितों के लिए छत्तीसगढ़ की ओर से 11 करोड़ रुपए की सहायता

### 0 मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने की घोषणा

रायपुर (आरएनएस)। देव भूमि हिमाचल प्रदेश में भारी बारिश और भूस्खलन से आई विपदा की स्थिति में पीड़ित लोगों की मदद के लिए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने छत्तीसगढ़वासियों की ओर से 11 करोड़ रुपये की सहायता राशि की घोषणा की है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि हिमाचल में भीषण प्राकृतिक विपदा आई है। ऐसे में हम सभी छत्तीसगढ़वासी हिमाचल के लोगों के साथ खड़े है। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कल ही हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू से फोन पर चर्चा की थी तथा हिमाचल प्रदेश के हालात की जानकारी ली थी। मुख्यमंत्री बघेल ने उनसे कहा कि पूरा देश हिमाचल प्रदेश के लोगों के साथ खड़ा है। हम सब सामूहिक एकजुटता के साथ आपदा का सामना करेंगे और सामान्य स्थिति की बहाली के लिए कार्य करेंगे।



## एनआईए ने जम्मू-कश्मीर में कई जगहों पर की छापेमारी

श्रीनगर (आरएनएस)। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) के अधिकारियों ने आतंकवाद से जुड़े एक मामले में शुक्रवार को जम्मू-कश्मीर में कई जगहों पर छापेमारी शुरू की। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि एनआईए के अधिकारियों ने स्थानीय पुलिस और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के साथ जम्मू के भटिंडी और कश्मीर के कुलगाम, शोपियां और कुपवाड़ा जिलों में छापेमारी शुरू की। सूत्रों ने कहा, ये छापेमारी एजेंसी द्वारा आतंकवाद से जुड़े मामले में चल रही जांच का हिस्सा है।

## दिल्ली एयरपोर्ट पर दिल्ली-पुणे विस्तारा फ्लाइट में बम की धमकी , सभी यात्रियों को सुरक्षित उतारा गया

नई दिल्ली (आरएनएस)। इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय (आईजीआई) हवाई अड्डे पर जीएमआर कॉल सेंटर को बम की धमकी के संबंध में संचार मिलने के बाद दिल्ली से पुणे विस्तारा की उड़ान में सवार सभी लोगों को शुक्रवार को विमान से उतार दिया गया।




हवाईअड्डे के एक सूत्र ने कहा, दिल्ली-पुणे उड़ान में बम होने की धमकी मिली थी और इसे आईजीआई पर आगे की जांच के लिए सुरक्षा दल को सौंप दिया गया है। अग्निशमन विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि उन्हें सुबह 8.52 बजे हवाईअड्डे से एक उड़ान में बम होने की सूचना मिली, जिसके बाद एहतियात के तौर पर एक दमकल गाड़ी को मौके पर भेजा गया।

विस्तारा के प्रवक्ता ने कहा, हम पुष्टि करते हैं कि शुक्रवार को दिल्ली से पुणे के लिए उड़ान भरने वाली उड़ान यूके971 में अनिवार्य सुरक्षा जांच के कारण देरी हो गई है।

हम इसके लिए संबंधित सुरक्षा एजेंसियों के साथ सहयोग कर रहे हैं। इस बीच, हम अपने ग्राहकों को जलपान की पेशकश सहित असुविधा को कम करने के लिए सभी प्रयास कर रहे हैं। विस्तारा में, हमारे ग्राहकों और चालक दल की सुरक्षा अत्यंत महत्वपूर्ण है हमें, प्रवक्ता ने कहा।

## जम्मू-कश्मीर के सोपोर में लश्कर के दो आतंकवादी सहयोगी गिरफ्तार



श्रीनगर,18 अगस्त (आरएनएस)। जम्मू-कश्मीर पुलिस ने सुरक्षा बलों के साथ मिलकर शुक्रवार को प्रतिबंधित आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) से जुड़े दो आतंकवादी सहयोगियों को गिरफ्तार किया है और उनके कब्जे से दो ग्रेनेड और आठ पिस्तौल राउंड और अन्य आपत्तिजनक सामग्री बरामद की है।

पुलिस ने कहा, पुलिस ने सेना (52 आरआर) के साथ शेर कॉलोनी टाजर् में स्थापित एक संयुक्त जांच चौकी पर दो संदिग्ध व्यक्तियों को रोका, जिन्होंने संयुक्त दल को देखकर मौके से भागने की कोशिश की, लेकिन चतुराई से उन्हें पकड़ लिया गया। उनकी पहचान मंज़ूर अहमद भट और तनवीर अहमद लोन के रूप में की गई है, दोनों दारनाम्बल तारज़ू के निवासी हैं, जो प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े हुए हैं।

तलाशी के दौरान उनके कब्जे से दो ग्रेनेड और आठ पिस्तौल राउंड और अन्य आपत्तिजनक सामग्री बरामद की गई। पुलिस ने कहा, तदनुसार, मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच शुरू कर दी गई है।

### जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा में भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद

जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में सुरक्षा बलों ने एक संयुक्त अभियान के दौरान भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद किया है। खुफिया जानकारी के आधार पर ये कार्रवाई की गई। रक्षा सूत्रों ने बताया कि कुपवाड़ा जिले में सेना, बीएसएफ और जम्मू-कश्मीर पुलिस द्वारा संयुक्त रूप से 15 से 18 अगस्त तक मच्छल सेक्टर में चलाए गए ऑपरेशन मच्छल प्रहार 2 के दौरान भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद किए गए। बरामदगी में पांच एके राइफल, सात पिस्तौल, चार हथगोले और अन्य आपत्तिजनक सामग्री शामिल हैं। सूत्रों ने बताया कि तलाश अभी भी जारी है।

## चंद्रमा की राह में एक और सफलता, विक्रम लैंडर की हुई पहली सफल डीबूस्टिंग



नईदिल्ली (आरएनएस)। चंद्रयान-3 का चंद्रमा की राह में एक बड़ी सफलता मिली है। विक्रम लैंडर एक महत्वपूर्ण डीबूस्टिंग प्रक्रिया से गुजर गया है। एक दिन पहले प्रोपल्शन मॉड्यूल से सफलतापूर्वक अलग होने के बाद शुक्रवार को थोड़ी निचली कक्षा में उतर गया।

लैंडर मॉड्यूल ने सफलतापूर्वक एक डीबूस्टिंग ऑपरेशन किया, जिसने इसकी कक्षा को 113 किमी & 157 किमी तक कम कर दिया। दूसरा डीबॉस्टिंग ऑपरेशन 20 अगस्त 2023 को लगभग 2 बजे हो सकता है। इसरो ने ट्वीट कर इसकी जानकारी दी है।

## अगली हेल्थ इमरजेंसी को रोकने के लिए हमें तैयार रहना चाहिए : जी20 की बैठक में बोले पीएम मोदी

नईदिल्ली (आरएनएस)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को नागरिकों से अगली हेल्थ इमरजेंसी को रोकने और उसके लिए तैयार रहने का आग्रह किया है। गुजरात के गांधीनगर में आयोजित जी-20 स्वास्थ्य मंत्रियों की बैठक में एक वीडियो संदेश में, पीएम मोदी ने कहा कि आज की परस्पर जुड़ी दुनिया में यह विशेष रूप से महत्वपूर्ण है। जैसा कि हमने महामारी के दौरान देखा, दुनिया के एक हिस्से में स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं अन्य सभी हिस्सों को प्रभावित कर सकती हैं।



बता दें कि भारत की जी20 अध्यक्षता के तहत जी20 स्वास्थ्य मंत्रियों की बैठक 17-19 अगस्त तक गुजरात के गांधीनगर में हो रही है। गौरतलब है कि भारत ने 1 दिसंबर 2022 को जी20 की अध्यक्षता संभाली थी। समग्र स्वास्थ्य के महत्व को समझाते हुए पीएम मोदी ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का वैश्विक उत्सव समग्र स्वास्थ्य की सार्वभौमिक इच्छा का एक प्रमाण है। उन्होंने आगे कहा कि गुजरात जामनगर में विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के वैश्विक पारंपरिक चिकित्सा केंद्र की स्थापना की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

पीएम मोदी ने आगे कहा कि जी20 स्वास्थ्य मंत्रियों की बैठक के साथ पारंपरिक चिकित्सा पर डब्ल्यूएचओ वैश्विक शिखर सम्मेलन का आयोजन, इसकी क्षमता का दोहन करने के प्रयासों को तेज करेगा। पारंपरिक चिकित्सा के लिए वैश्विक भंडार बनाने के लिए यह हमारा संयुक्त प्रयास होना चाहिए।

## 2020 दिल्ली दंगा मामला : सुप्रीम कोर्ट ने उमर खालिद की जमानत याचिका पर सुनवाई की स्थगित

नई दिल्ली (आरएनएस)। सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को छात्र कार्यकर्ता उमर खालिद द्वारा दायर जमानत याचिका पर सुनवाई टाल दी, जिसे 2020 दिल्ली दंगे साजिश के मामले में गैरकानूनी गतिविधियां गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम के तहत गिरफ्तार किया गया था।

न्यायमूर्ति अनिरुद्ध बोस और न्यायमूर्ति बेला एम. त्रिवेदी की पीठ ने मामले को दो सप्ताह की अवधि के बाद सूचीबद्ध करने का निर्देश दिया।

पिछले हफ्ते सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस प्रशांत कुमार मिश्रा ने इस मामले की सुनवाई से खुद को अलग कर लिया था और याचिका को एक अलग पीठ के समक्ष सूचीबद्ध करने का निर्देश दिया था।

न्यायमूर्ति ए.एस.बोपन्ना की अध्यक्षता वाली पीठ ने पार्टियों को बताया, यह किसी अन्य पीठ के समक्ष आएगा। मेरे भाई (न्यायमूर्ति पी.के.मिश्रा) की ओर से कुछ कठिनाई है।

खालिद ने दिल्ली उच्च न्यायालय द्वारा जमानत देने से इनकार के खिलाफ शीर्ष अदालत का दरवाजा खटखटाया है।

उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति सिद्धार्थ मृदुल और न्यायमूर्ति रजनीश भटनागर की पीठ ने पिछले साल 18 अक्टूबर को नियमित जमानत की मांग करने वाली खालिद की अपील खारिज कर दी थी। उन्होंने ट्रायल कोर्ट के उस आदेश को चुनौती दी थी, जिसने उन्हें यूएपीए मामले में जमानत देने से इनकार कर दिया था।

नागरिकता संशोधन अधिनियम और राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर के खिलाफ विरोध प्रदर्शन के दौरान अमरावती में दिए गए उनके कथित आक्रामक भाषण दंगों के मामले में उनके खिलाफ आरोपों का आधार थे। दिल्ली पुलिस के अनुसार, जेएनयू के छात्र और कार्यकर्ता खालिद व शरजील इमाम दिल्ली दंगों 2020 से जुड़े कथित साजिश मामले में शामिल लगभग एक दर्जन लोगों में से हैं।

फरवरी 2020 में राष्ट्रीय राजधानी में दंगे भडक़ उठे क्योंकि सीएए (नागरिकता संशोधन अधिनियम) विरोधी और सीएए समर्थक प्रदर्शनकारियों के बीच झड़प ने हिंसक रूप ले लिया। इसमें 50 से अधिक लोगों की जान चली गई और 700 से अधिक घायल हो गए।